-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बबेरु पुलिस टीम द्वारा गुम/भटके हुए 07 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 27.05.2026 को थाना बबेरु की पुलिस टीम द्वारा गुम/भटके हुए 07 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता कर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि कस्बा बबेरु के क्षेत्रवासी द्वारा थाना स्थानीय पर एक गुम हुए बच्चे को लाया गया। क्षेत्रवासियों द्वारा बताया गया कि बच्चा भटक गया व पता पूछने पर ठीक से पता नहीं बता पा रहा है। तत्काल पुलिस द्वारा आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए बच्चे के परिजनो का पता लगाया गया। जानकारी करने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि बच्चा बाहर खेलते-खेलते रास्ता भटक जाने के कारण गुम हो गया था। पुलिस टीम द्वारा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।